Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding delay in construction of flyover and underpass at Kiradi and Nangloi in North-West Delhi.

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिल्ली में कई रेलवे फाटक हैं, जो अक्सर बंद मिलते हैं, जिस वजह से अक्सर जाम रहता है। इसका हल निकालने के लिए मैंने बहुत प्रयास किया। अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्री, नॉर्थ-एमसीडी और रेलवे से मिलकर इस प्रोजेक्ट को सैंक्शन करवाया। अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्री से पैसे का आवंटन भी करवाया। लेकिन नॉर्थ-एमसीडी में इतनी शिथिलता है और अधिकारी इतने ज्यादा निकम्मे हैं कि ड्राइंग में ही इनको ढाई-तीन साल लग गए। अब उन्होंने उसे डीडीए की टेक्निकल कमेटी के पास भेजा है। ड्राइंग में इतना ज्यादा समय लगाने के बाद अब डीडीए को सर्वे के लिए भेजा है। इसमें कितना समय लग रहा है, इस बारे में मैं होम मिनिस्टर और माननीय प्रधानमंत्री जी को भी चिट्ठी लिख चुका हूं। मैं इनसे बहुत परेशान हो चुका हूं।

इसके अलावा जो एम.सी.डी. के कमिश्नर हैं, मैं उनसे भी कह चुका हूं कि हमारे लोक सभा क्षेत्र में यह समस्या है, वहां घेवरा, किराड़ी और नरेला इन तीन जगहों पर फाटक हमेशा जाम रहता है। वहां के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाना बहुत जरूरी है।

इसके अतिरिक्त भलस्वा में जो गार्बेज का माउंट बना हुआ है, उससे वहां के लोगों का पूरा जीवन तबाह हो रहा है। हम उसे वहां से हटाने की मांग करते आ रहे हैं और किराड़ी में एक सूखी नहर है, हमने उसके लिए भी अर्बन डैवलपमैंट मिनिस्ट्री को अप्रोच किया है कि वहां अक्सर जाम रहता है, इसलिए वहां से कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री महोदय और शहरी विकास मंत्रालय से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन प्रोजैक्ट्स को जल्दी कम्पलीट किया जाए और यदि अधिकारी इस काम को नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are allowed to associate with the matter raised by Dr. Udit Raj.